Class: V Subject: Hindi	Term-1 Examination (2024 – 25)	Max. Marks: 50 Duration: 3Hrs .

<u>सामान्य निर्देश:</u>

- इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं- खंड 'क' खंड 'ख' और खंड 'ग'
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- उपांत के अंक पूर्णांक के धोतक हैं |
- परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में दें |

खंड'क' रचना खंड (कुल अंक-15)

1	निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- किसानों को देश का अन्नदाता कहा जाता है। वह अत्यंत परिश्रम से अनाज उगाता है और देशवासियों का पोषण करता है। वह प्रातःकाल मुर्गे की आवाज सुनकर बिस्तर छोड़ देता है। अपनी जानवरों की देखभाल करता है। दैनिक कार्यों से निपटकर खाने- पीने की परवाह किए बिना खेतों की ओर निकल जाता है। वही उसकी कर्मभूमि है। वह दिन- रात अथक परिश्रम से कठोर भूमि को उपजाऊ बनाता है और उसकी देखभाल करता है। दुख की बात यह है कि वह आज भी गरीबी में जीता है|		1×5=5
	क}	देश का अन्नदाता कैसे कहते हैं ?	
	ख}	किसान किसकी आवाज सुनकर बिस्तर छोड़ देता है ?	
	ग}	किसान की कर्मभूमि किसे कहा जाता है ?	
	घ}	अपने किस गुण से किसान कठोर भूमि को उपजाऊ बना देता है ?	
	ड.}	किसान के लिए सबसे बड़ा दुख क्या है ?	
2		खेल का सामान मंगवाने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।	5
3		निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए -	5
		' बाल दिवस' या 'पेड़ हमारे मित्र'	
		खंड'ख' पाठ्यपुस्तक(कुल अंक-20)	
4		निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-	1×2=2
	क}	यग्य	
	ख}	कोश्लया	
		या	
		निम्नलिखित शब्दों से सार्थक शब्द बना कर लिखें	
		क) चतकि ख) ब्बतति	

5		उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए	1×3=3
		(कुदरत, कहानियाँ समझ)	
	क}	बच्चे रतन की घबराहटों को --------- नहीं पाते थे |	
	ख}	इला के विश्वास और धैर्य ने -------- को भी झूठा दिया |	
	ग}	पुराने जमाने में सारी ------कागज पर छपती थीं |	
6		सही कथन के सामने (√) तथा गलत कथन के सामने(×) गलत का निशान लगाइए-	1×2=2
	क}	कंवरसिंह पैंतालीस वर्ष के थे | ( )	
	ख}	हूमर कबूतर सामान्य रूप से 10-12 वर्ष तक जीते हैं | ( )	
7		निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए -	2×4=8
	क}	लड़के का नाम क्या था ? उसकी उम्र क्या थी ?	
	ख}	खेल से मन भर जाने पर बच्चे क्या करते थे ?	
	ग}	बहुत पुराने समय में संदेश कैसे भेजे जाते थे ?	
	घ}	पहाड़ी इलाकों में डाक पहुंचाना आसान क्यों नहीं है ?	
	ड.}	मंत्री ने अपने बेटे को शहर क्यों भेजा ?	
	च}	अपने राज्य में फसल से जुड़ा कौन-सा त्यौहार मनाते है ?	
	छ}	कागज से पहले छपाई किस पर हुआ करती थी ?	
8		निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए	1×5=5
		मलमली धोती का बादामी रंग खिल उठा था | किनारों पर कसूती के टांकों से पिरोई हुए बेल थी | पल्लू पर भरवा टांके अपना कमाल दिखा रहे थे | सुनहरे- रुपहले बेल- बूटों से जान आ गई थी मलमल में | इन बेल- बूटों को सजाया था इला सचानी ने |	
	क}	मलमल की धोती के किनारे पर किस टांके की बेल लगी थी ?	
	ख}	धोती के पल्लू पर कौन- सा टांका किया हुआ था ?	
	ग}	ये सब बेल बूटे किसने सजाए थे ?	
	घ}	'सुनहरे बेल' इन शब्दों में विशेषण शब्द छांटकर लिखिए |	
	ड.}	अनुच्छेद में आया कोई एक संज्ञा शब्द लिखिए |	
		खंड 'ग' व्याकरण (कुल अंक-15)	
9		उचित मिलान कीजिए-	1×3=3
	क}	अपादान (i) का	
	ख}	संबंध (ii) ने	

	ग}	कर्ता (iii) से	
10		सही भाववाचक संज्ञा शब्द चुन कर खाली स्थान भरें	1×2=2
	क}	अजनबियों से----- अच्छा नहीं | (अपनापन/ अपना)	
	ख}	सच्ची----- कठिनाई से मिलती है | (मित्र/ मित्रता)	
11		दिए गए वाक्यों में विशेषण और विशेष्य छांटकर लिखिए -	1×2=2
	क}	पीली कमीज मुझे पसंद है।	
	ख}	प्रतिदिन थोड़ा दूध पीता हूँ।	
12		दिए गए शब्दों के बहुवचन में बदलिए	1×2=2
	क}	पुस्तक -	
	ख}	नदी -	
13		शब्दों को सही क्रम में लिखकर सार्थक वाक्य बनाइए -	1×2=2
	क}	जन्मदिन मेरा है कल |	
	ख}	पुस्तक नयी एक लाए पिताजी|	
14		बहुविकल्पीय प्रश्न सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए-	1×4=4
	क}	जो करेगा सो भरेगा वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम का भेद है-	
	(i)	पुरुषवाचक (ii) निजवाचक	
	(iii)	संबंधवाचक (iv) प्रश्नवाचक	
	ख}	कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग और पुल्लिंग में समान रहता है?	
	(i)	राष्ट्रपति (ii) वीरांगना	
	(iii)	कोयल (iv) भालू	
	ग}	भारतीय संविधान में इनमें से कौन सी भाषा नहीं है ?	
	(I)	तमिल (ii) कन्नड़	
	(iii)	अंग्रेजी (iv) पंजाबी	
	घ}	उत्पत्ति के आधार पर 'धोती' किस प्रकार का शब्द है ?	
	(i)	तत्सम (ii) देशज	
	(iii)	तद्भव (iv) विदेशी	